# भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट व लूट का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## बेटी व बेटे ने प्रेमी व दोस्तों के संग मिलकर डकैती की योजना बनाई थी



दोवड़ा थाना पुलिस ने लूट व मारपीट मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन, स्कूटी व दो तलवार जब्त की

**डूंगरपुर,** (निसं)। गणेशपुर थानान्तर्गत गत 22 मार्च को एक कार में जा रहे भाजपा मण्डल अध्यक्ष पर हुए जानलेवा हमले व डकैती का एक सप्ताह में ही खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें मुख्य आरोपी प्रार्थी के पुत्र व पुत्री के साथ प्रेमी भी सम्मिलित था, जिन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। यही नहीं पूरी योजना को दो लाख रूपये की सुपारी देकर करने के लिए तैयार किये थे, लेकिन घटना में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अपनी सजगता से जान बचाकर भागने में सफल हो गये थे।

गणेशपुर पुलिस ने बताया कि 22 मार्च को भाजपा मण्डल अध्यक्ष रामजी पुत्र पूंजाजी पटेल निवासी गणेशपुर ने दोवड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि शाम को मैं तथा मेर साथ राजेन्द्र पिता जगजी पटेल निवासी टाटीया हम दोनों मेरी कार से देवला से गणेशपुर की तरफ आ रहे थे कि रतनपुरा-देवला मोड़ पर पहुंचे कि अचानक से रतनपुरा की तरफ से एक बोलेरो कार बिना नम्बरी तेज गति से आयी तथा मेरी कार को ओवरटेक कर बोलेरो चालक ने बोलेरो मेरी कार के आगे लगा कर मुझे रोक लिया तथा बोलेरो कार में से 4-5 व्यक्ति हाथों में लट्ठ व तलवार लेकर नीचे उतरे तथा आते ही मेरी कार पर लट्ठ मारने शुरू कर दिये तथा जिस पर में तथा मेरे साथी राजु कार से निकल कर हमारी जान बचा कर भागे तो वह लोग मुझे मारने लट्ठ लेकर पीछे दौड़े तथा एक लट्ठ मुझे पीठ पर पर व हाथ पर मारा उसके बाद में भाग गया तथा बोलेरो लेकर भाग गये। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया तथा 70-80 जगह के सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। दर्जनो संदिग्धों से पूछताछ की गई। उसी दौरान प्रार्थी की पुत्री अंजली पाटीदार की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर महिला कानि. की मौजूदगी मे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते भाई-बहिन ने पूरी योजना अंजली के प्रेमी शिवम पाटीदार को बताई जिस पर शिवम पाटीदार ने अपने मित्र निखिल जोशी को शामिल किया। निखिल जोशी ने इस कार्य के लिए अपने पुराने मित्र 108 एम्बुलेंस के चालक शैलेश मीणा को करीब 2 लाख रूपये में इस काम को करने की सुपारी दिलवाई। शैलेष ने अपने 4 अन्य दोस्तों को साथ लिया व उक्त घटना को अंजाम दिया। जिनके द्वारा 22 मार्च को तय योजना के मुताबिक रामजी पाटीदार का करीब 7-8 घण्टों तक बोलेरो कार व स्कूटी से रैकी कर रामजी पाटीदार को देवला-गणेशपुर मार्ग पर रास्ते में रोक मारपीट शुरू कर दी परन्तु रोड पर अन्य राहगीर आ जाने पर अभियुक्त नगदी, मोबाइल व कार की चाबी लूटकर फरार हो गए।

इस मामले में फिलहाल तीन आरोपी फरार है जब कि प्रेमिका सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये आरोपियों में जयदीप उर्फ शिवम पुत्र योगेश पाटीदार निवासी दामडी, हितेष पुत्र रामजी पाटीदार निवासी गणेशपुर, अंजली पुत्री रामजी पाटीदार निवासी गणेशपुर, निखिल पुत्र नरेन्द्र जोशी निवासी दामडी, शैलेष पुत्र रमेश सुरात मीणा निवासी भीण्डा तथा सचिन पुत्र रामलाल बलात निवासी मझौला को गिरफ्तार कर लिया है। जिस पर सभी को बाद पूछताछ गिरफतार किया जाकर प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

**इस तरह दी जानकारी:-** अंजली पाटीदार ने अपने प्रेमी शिवम पाटीदार को सोशल मीडिया एप पर अपने पिता के आने जाने वाले रास्तों के फोटोग्राफ व जिस जगह घटना करनी है उसकी लोकेशन भेजी थी और घटना के पूर्व जयदीप उर्फ शिवम पाटीदार ने शैलेष मीणा को घटना के आसपास पूरे क्षेत्र की रैकी करवाई थी।

# जल संसाधन कार्यालय में आकर एक्सईएन को धमकी दी

- आरोपी ने साथियों के साथ गाड़ी से कुचलने की धमकी दी
- एक नामजद व चार-पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के जल संसाधन विभाग कार्यालय में आकर राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने, अधिशाषी अभियंता के साथ गाली-गलौज करने, केस कर जेल भिजवाने व गाड़ी चढ़ाकर मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता की रिपोर्ट के आधार पर नोहर पुलिस थाना में एक नामजद व चार-पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

पुलिस के अनुसार जल संसाधन खण्ड नोहर के अधिशाषी अभियंता राजेन्द्र सिंह पुत्र डोरीलाल जाटव निवासी गांव मदैम, तहसील महावन जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह गुरुवार को अपने कार्यालय में राजकीय कार्य में व्यस्त था। तभी सुबह 11.30 के आसपास सुरेन्द्र उर्फ सिंदा पुत्र हेमराज खीचड़ निवासी चारणवासी तहसील नोहर अपने चार-पांच साथियों के साथ अपने राजकीय कार्य के संबंध में उससे मिलने आया। वह अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर उनसे मिला। सुरेन्द्र उर्फ सिंदा ने अपनी बात रखी और उसने उन्हें बड़ी शालीनता से नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। परन्तु सुरेन्द्र उसके आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुआ। उस पर अवमानना करने के लिए न्यायालय में केस करने व छह महीने की जेल या सजा करवाने की धमकी दी। उसके बार-बार निवेदन करने के बाद भी यह लोग कार्यालय में बैठे रहे।

दोपहर बारह बजे से मुख्य अभियंता जल संसाधन उत्तर हनुमानगढ़ की ओर से ली जा रही वीसी के दौरान भी बार-बार आकर राजकार्य में बाधा डालते रहे। उसे देख लेने की धमकी देने लगे और गाली-गलौज करते हुए करीब दोपहर 12.40 के आसपास कार्यालय से चले गए। इसके बाद सुरेन्द्र अपने साथियों के साथ एक बार फिर उससे किसी एप्लिकेशन को मार्क करवाने के लिए शाम करीब चार बजे आया और उससे कुछ कागज पर साइन करवाने और कुछ कागज देने के लिए कहा। तब उसने कहा कि मार्च माह का अंतिम समय चल रहा है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में उसे पत्र/रिकॉर्ड उपलब्ध करवा दिया जाएगा। परन्तु फिर एक बार सुरेन्द्र उससे अभद्र भाषा में बात करने लगा और टेबल पर रखी हुई फाइल को गुस्से में आकर फेंक दिया और कहा कि उसे कल ही कागज चाहिए वर्ना वह देख लेगा।

धमकी देते हुए यह लोग उसके कक्ष से बाहर चले गए। इसके बाद शाम 5.30 के आसपास जब वह अपने कक्ष से बाहर निकला तो लॉबी में वाटर कूलर के पास सुरेन्द्र खड़ा था। जब उसने सुरेन्द्र से पूछा कि वह अभी यहीं है तो सुरेन्द्र उस पर भड़क गया तथा उसे कॉलर से पकड़ कर मारने पर उतारू हो गया। उसके स्टाफ के लोगों तथा उसने खुद सुरेन्द्र को धक्का मारा तो सुरेन्द्र उसे कहने लगा कि वह उस पर गाड़ी चढ़ा कर उसे मार देगा। आसपास के लोगों ने उसका बचाव किया। तब सुरेन्द्र ने कहा कि उसने एक थानेदार को सस्पेंड करवा दिया है। उसकी पत्नी पुलिस में है।

इस घटनाक्रम के समय उसके स्टाफ के कार्मिक सहायक अभियंता मुकेश कुमार, खण्डीय लेखाकार रोहित बलिहारा, वरिष्ठ सहायक विनोद भाटी, कनिष्ठ सहायक विनोद कुमार तथा ठेकेदार मदन, ड्राइवर सुभाष इत्यादि मौजूद थे। यह सब देखकर वह सदमे में आ गया तथा पूरी रात सो नहीं सका। वह मानसिक पीड़ा भुगत रहा है और उसे अपनी जान की सुरक्षा का भय है। पुलिस ने अधिशाषी अभियंता की रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की धाराओं व एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अनुसंधान नोहर वृत के वृताधिकारी ईश्वर सिंह कर रहे हैं।

# पालिका ईओ पर महिला कर्मचारी ने अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया

- पर्सनल बातें मनवाने के लिए दबाव देने व बात नहीं मानने पर कार्यालय से बाहर निकालने का आरोप लगाया
- महिला कर्मचारी ने विराटनगर उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम लिखित में शिकायत दी

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर नगर पालिका में महिला कर्मचारी के साथ ईओ व महिला सहायक कर्मचारी विराटनगर नगरपालिका व ईओ के साले द्वारा अभद्र व्यवहार व पर्सनल बातें मनवाने के लिए दवाब देने व बात नहीं मानने पर कार्यालय से बाहर निकालने को लेकर विराट नगर नगर पालिका में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने विराटनगर उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम लिखित में शिकायत दी है।

महिला कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व बारह माह से बकाया चल रहे वेतन को लेकर जब उनसे कार्यालय में मिलने गई तो अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा व उनके साले देशराज मीणा निवासी द्वारापुर थानागाजी ने महिला कार्मिक से धक्का-मुक्की कर कार्यालय से बाहर निकाला व उनसे अभद्र व्यवहार करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया। वहीं फोन करने पर अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा द्वारा मेरी निजी लज्जा भंग करने जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया। इस पूरे घटनाक्रम से पीड़िता महिला कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है। वहीं पीड़िता महिला कर्मचारी ने स्वयं के साथ कुछ गलत होने पर अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा विराटनगर नगरपालिका, एक महिला सहायक कर्मचारी विराटनगर नगरपालिका, देशराज मीणा ईओ फतेह सिंह मीणा का साला व नगरपालिका प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

ईओ फतेह सिंह मीणा ने बताया कि कर्मचारी ठेके पर नगरपालिका में कार्यरत थे, जिन्हें पूर्व में नगर पालिका से हटा दिया गया। वह पालिका से बकाया वेतन की मांग को लेकर झूठे व अनर्गल आरोप लगा रही है।

उपखंड अधिकारी विराटनगर अमिता मान ने बताया कि महिला कर्मचारी द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है। इसको लेकर दो दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं दोनों पहलुओं को सुनकर आगे की जांच की जाएगी।

# रुपए चोरी करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा

**मंडफिया,** (निसं)। भादसोड़ा चौराहा स्थित प्राकट्यय स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंदिर के भंडार की गिनती के समय एक व्यक्ति को रुपए चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

मंदिर के कार्यकारी अधिकारी प्रहलाद राय सोनी ने बताया कि एक व्यक्ति को भंडार की गिनती में से 500-500 रुपए के नोट चुराते हुए मंदिर कर्मचारी ने रंगे हाथ पकड़ा। मंदिर कर्मचारियों ने उक्त व्यक्ति को पकड़कर चुराए गए रुपए गिनती के ढेर में डलवाए एवं पुलिस को सूचना दी गई। भादसोड़ा थाना अधिकारी घेवरचंद ने बताया कि मंदिर कमेटी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं व्यक्ति की तलाशी ली तो उस व्यक्ति के पास कुछ भी नहीं मिला।

# बाल सम्प्रेषण एवं किशोर गृह पालड़ी का निरीक्षण


जिला व सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने बाल सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण कर निर्देश दिये।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार अभय जैन, (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा ने जिले में संचालित राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, पालड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया।

जिला व सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट देवागंनी ओदिच्य से किशोरों के लंबित प्रकरणों एवं उनकी प्रगति के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक गौरव सारस्वत से किशोरों के स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सा सुविधाओं, भोजन व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में साफ-सफाई, भोजन आहार की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, बालगृह का वातावरण एवं वहां किशोरों के रखने की व्यवस्था व बालकों के हितों की रक्षा आदि को देखा गया। जिला एंव सेशन न्यायाधीश ने परिसर में साफ-सफाई रखने एव अन्य आवश्यक निर्देश संबधित अधिकारी को दिए। इस दौरान विशाल भार्गव, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,भीलवाड़ा भी उपस्थित थे।

# तिलवाड़ा के मल्लिनाथ अश्व मेला में प्रतियोगिताएं हुई


पूर्व महाराजा गज सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

- बेस्ट एनिमल ऑफ़ शो का पुरस्कार मघराज सिंह जालोर के घोड़े हंसदेव को मिला

**जोधपुर,** (का.सं.)। पूर्व महाराजा गज सिंह के मुख्य संरक्षण में अखिल भारतीय मारवाड़ी अश्व संस्था जोधपुर द्वारा श्री मल्लिनाथ अश्व मेला तिलवाड़ा बालोतरा में मारवाड़ी अश्व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ऑल इंडिया मारवाड़ी होर्स सोसायटी के सचिव इंद्रजीत सिंह नाथावत राठौड़ ने बताया कि बालोतरा जिले के तिलवाड़ा में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी मेले में मारवाड़ी अश्व के मालिकों ने अपने अश्वों के साथ भाग लिया। इस मेले में राजस्थान के जोधपुर, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली, बालोतरा, सांचौर, बालरवा, भीनमाल, अजमेर, निमाज, सांचौर, राजसमंद, भीलवाड़ा, नागौर, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब व हरियाणा के मारवाड़ी अश्व के प्रेमियों ने भागीदारी निभाई।

अश्व प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी के मुख्य संरक्षक महाराजा गज सिंह थे। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिताओं में विजेता अश्वों के मालिकों को पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में विधायक शेरगढ़ बाबू सिंह राठौड़, विधायक सिवाना हमीर सिंह भायल, जिला कलेक्टर बालोतरा सुशील कुमार यादव, रावल किशन सिंह जसोल, हरिश्चंद्र सिंह जसोल, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार विश्नोई, पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह भाटी, अतिरिक्त निदेशक पशुपालन मनमोहन नागोरी, उपनिदेशक पशुपालन नारायण सिंह सोलंकी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्टेलियन (नर घोड़ा) में एच एच महाराजा गज सिंह ट्रॉफी प्रतियोगिता में मेघराज सिंह जुंजाणी का अश्व हंसदेव प्रथम, हुनद करमा वाला का अभिजीत द्वितीय, हितेंद्र सिंह शिकारपुर का नवाबजादा तृतीय व चौथे स्थान पर भवानी सिंह बालोतरा का राजगुरु रहा।

प्रजनन योग्य घोड़ी प्रतियोगिता में ठिकाना झालामंड ट्रॉफी पहाड़ सिंह नेनवा गुजरात की घोड़ी राजमणि प्रथम, हितेंद्र सिंह शिकारपुर की रूप रजत द्वितीय, परबत सिंह निमाज की मोरनी तृतीय व भारत सिंह की भंवर चौथे स्थान पर रही। के एन जोशी (लालजी) ट्रॉफी में अदन्त बछेरी प्रतियोगिता में पहाड़ सिंह नेनवा गुजरात की जीत प्रथम, नारायण सिंह रोहिणा की रानी सुंदरी द्वितीय, अजीत सिंह गुजरात की अनमोल तृतीय व रविंद्र सैनी हरियाणा की छोटी छबीली चौथे स्थान पर रही। ठिकाना पाल ट्रॉफी में दो दांत बछेरा प्रतियोगिता में सुमेर सिंह गुजरात का दलजीत प्रथम, नरेंद्र सिंह जालोर का देव द्वितीय, राधे मीरा स्टैंड फॉर्म राजकोट का रणबंका तृतीय व गंगा सिंह अंकोली जालौर का बाज बहादुर चौथे स्थान पर रहा।

ठाकुर रोहिट ट्रॉफी में दो दांत बछेरी प्रतियोगिता में ऋतुराज सिंह सांचौर की योगेश्वरी प्रथम, मघ सिंह सांचौर की प्रिया द्वितीय, महेंद्र सिंह जोधपुर की लक्ष्मी तृतीय व रघुनाथ सिंह बालरवा की खुशी चौथे स्थान पर रही। युवराज शिवराज सिंह ट्रॉफी में अदन्त बछेरा प्रतियोगिता में जंगी पहलवान हरियाणा का भारत केसरी प्रथम, देवराज सिंह गुजरात का दिव्यराज द्वितीय, केसर सिंह जोधपुर का जेम्स तृतीय व अजीत पाल नन्दालजी हरियाणा का चौथा हिमालय स्थान पर रहा। अत्यंत बचरा में प्रथम भारत केसरी को ढाई सौ ग्राम सिल्वर, दो दांत बछेरा में प्रथम दलजीत को 500 ग्राम सिल्वर व बेस्ट एनिमल का शो के घोड़े हंसदेव को एक किलो चांदी का पुरस्कार मिला। अश्व प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सिद्धार्थ सिंह रोहिट घनश्याम सिंह पटौदी, आनंद सिंह देचू, अमित विक्रम सिंह जोजावर नरेंद्र सिंह मेड़तिया, धनंजय सिंह बीजापुर व डॉ. परीक्षित पुरोहित ने निभाई।

# दो गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पीपलू वृताधिकारी अरविन्द कुमार एवं थानाधिकारी झिराना राजेन्द्र ताडा के नेतृत्व में गठित टीम ने वर्ष 2024 के अवैध बजरी परिवहन के प्रकरण में राज्यकर्मियों पर हमला कर हत्या करने के प्रयास के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें आरोपी दूदीमल मीणा पुत्र परशुराम निवासी रामपुरिया थाना करवर जिला बून्दी एवं कुलदीप पुत्र दूदीमल मीणा निवासी बून्दी हॉल गुरूदयालपुरा थाना डिग्गी को गिरफ्तार किया। उक्त दोनों आरोपियों के विरोध के चलते चार पुरूष व तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया।

# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले गिरोह का खुलासा

**कपासन,** (निसं)। पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। कपासन थाना और साइबर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 16 एंड्रॉयड मोबाइल, एक लैपटॉप और एक क्यूआर कोड स्कैनर मशीन बरामद की है। इसके अलावा सात रजिस्टर, तीन चेक बुक और चार एटीएम कार्ड भी जब्त किए गए हैं।

जब्त रजिस्टरों से सात करोड़ रुपये के सट्टे का हिसाब मिला है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर एएसपी सरिता सिंह और डीएसपी हरजीलाल यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। कपासन रेलवे स्टेशन के पास ऋषि बारेगामा के घर पर छापेमारी में ऋषि उर्फ कालू और शौकिन जाट को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। दोनों आरोपी ऐप की मास्टर आईडी से क्लाइंट आईडी बनाकर काम कर रहे थे। वे ग्राहकों को पासवर्ड देकर लाइव मैचों पर सट्टा खिलवाते थे। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के मास्टरमाइंड बालमुकुंद इनाणी उर्फ बुद्धिप्रकाश, जीवन वैष्णव और इकबाल उर्फ इकबाल टोपी हैं। तीनों कपासन के रहने वाले हैं।

# परीक्षार्थी के पास से मोबाइल जब्त

**अजमेर,** (कासं)। रा. मा. शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकण्डरी कक्षाओं की परीक्षाएं जारी है। शनिवार को उच्च माध्यमिक गणित विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। फ्लाइंग ने जवाजा में एक परीक्षार्थी के पास से मोबाइल जब्त किया गया। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि शनिवार को उच्च माध्यमिक गणित विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। फ्लाइंग ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा परीक्षा केन्द्र पर एक परीक्षार्थी को नकल करते पकड़ा है।

# योजनाओं का लाभ वंचित व पात्र व्यक्तियों को दिलवायें : राज्यपाल बागड़े

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली


राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को जिला कलेक्टर ने पाली आने पर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

- राज्यपाल ने योजनाओं, कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिये

**पाली,** (नि.सं.)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग व पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले जिससे कि उनका जीवन खुशहाल हो सके अधिकारी इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करे। राज्यपाल शनिवार को जिला परिषद के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद किया। राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान राज्य व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए इनका लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग से महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड एवं श्रमिक नियोजन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता, अनुसूचित क्षेत्र बाली के आदर्श ग्राम निर्माण कार्यो की प्रगति, जनभागीदारी योजना, पीएमजीएवाई, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की 3 वर्ष में छात्रवृत्ति प्राप्त आवेदन व भुगतान, जल संग्रहण, अनुसूचित क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों की स्थिति के बारे मे जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इसी प्रकार प्रकार जोधपुर विद्यत वितरण निगम लिमिटेड में विद्युत आपूर्ति, विभिन्न प्रकार के विद्युत कनेक्शन की स्थिति, जल संसाधन विभाग में विभिन्न बांधों, स्थिति और जल की वर्तमान स्थिति की, जिला उद्योग केन्द्र में मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में आमजन को योजनाओं के लाभ की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। पशुपालन विभाग में जिले की स्थिति व पशु चिकित्सा, गौशालाओं मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसानों को मृदा संबंधी जांच के लिए लैब में सैंपल लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें अपने खेत की मिट्टी के बारे में अधिक जानकारी होगी और उसके अनुसार फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इसके साथ ही अन्य विभागों की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने राजीविका के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने जिले के बारे में चल रहे कामों की आवश्यक जानकारी दी। साथ ही राज्यपाल बागड़े को जिला कलेक्टर ने पाली आने पर एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी सिंह, सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ. पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, सुनील भंडारी, त्रिलोक चौधरी व अन्य मौजूद रहे। वहीं राज्यपाल हरिभाउ बागड़े शनिवार को भंसाली गर्ल्स कॉलेज हैलीपेड पर पहुँचे, उनके आगमन पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत व अगवानी की। इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी, डीएफ़ओ बालामुरुगन, उपखण्ड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, तहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल व पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# रोजगार उत्सव में बीकानेर जिले के 225 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

- नियुक्ति पत्र मिलने वालों में फार्मासिस्ट, नर्सिंग अधिकारी, पुलिस कांस्टेबल, महिला सुपरवाइजर व छात्रावास अधीक्षक पद पर नव चयनित कर्मचारी शामिल थे

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह की श्रृंखला में शनिवार को पांचवें दिन मुख्यमंत्री रोजगार और युवा उत्सव का राज्य स्तरीय समारोह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में कोटा में हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 7800 युवाओं को सरकारी सेवाओं में चयन के उपरांत नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण रविन्द्र रंगमंच पर किया गया। इस दौरान विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, शिव के पूर्व विधायक जालम सिंह रावलोत, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, अशोक कुमार बोबरवाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक डॉ राहुल हर्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के नव चयनित 225 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें फार्मासिस्ट, नर्सिंग अधिकारी, पुलिस कांस्टेबल, महिला सुपरवाइजर व छात्रावास अधीक्षक पद पर नव चयनित कर्मचारी शामिल थे। इससे पूर्व सभी नवनियुक्त कार्मिकों का पंजीकरण करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री के संदेश युक्त वेलकम किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन संजय पुरोहित और मालकोश आचार्य ने किया। इस दौरान डॉ अनुराधा सक्सेना, एल. डी. पवार, सुभाष बिश्नोई, हरिशंकर आचार्य, डॉ राजेश कुमार गुप्ता, डॉ चंद्रशेखर मोदी, डॉ. लोकेश गुप्ता, डॉ. नवल गुप्ता, डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ. अनिल वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण वर्मा, भानूप्रताप सिंह, राकेश गोदारा सहित चिकित्सा विभाग के अन्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद थे।

श्रीगंगानगर को मिली 2150 करोड़ की सौगात : राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण श्रीगंगानगर में वीसी के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा, सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, जिला प्रमुख कविता रेगर समेत कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। इस दौरान पंच गौरव श्रीगंगानगर की जिला पुस्तिका का विमोचन किया गया। साथ ही उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने लाभार्थी विक्रम चितलांगिया से संवाद किया। चितलांगिया ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयासों से आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने नहरों के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट में 2150 करोड़ रुपये के प्रावधान पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। जिला प्रभारी मंत्री गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में सर्वांगीण विकास हो रहा है। बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही जनता की समस्याओं का निरंतर समाधान किया जा रहा है।

सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने राजस्थान दिवस के तहत आयोजित सुशासन उत्सव आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा सिंचाई पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क क्षेत्र में श्रीगंगानगर जिले के विकास के लिये ऐतिहासिक बजट दिया गया है। पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी और शरणपाल सिंह मान ने भी अपने संबोधन में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विकास के लिये अनेक घोषणाएं की गई हैं। किसानों की समृद्धि और नहरों के सुदृढ़ीकरण हेतु बजट में करोड़ों रुपयों का प्रावधान किया गया है। 15 हजार डिग्गी निर्माण घोषणा के साथ-साथ पौण्ड फॉर्म सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से किसानों को राहत दी जा रही है।

## करंट से मौत, मुआवजे पर मामला सुलझा

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ में सर्किल के राजियासर थाना क्षेत्र के गांव गुडली के 40 वर्षीय किसान भानीराम की करंट लगने से मौत के मामले में समाधान हो गया है। परिजनों और ग्रामीणों ने राजकीय चिकित्सालय के बाहर मुख्य सड़क पर धरना दिया था, जो समझौते के बाद समाप्त हो गया। समझौते के तहत परिजनों को 8.50 लाख रूपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को संविदा नौकरी देने पर सहमति बनी।

गांव गुडली निवासी भानीराम (40) पुत्र हरिराम सुथार की बुधवार रात खेत में करंट लगने से मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप था कि पड़ौसी किसान कृष्णलाल ने अपने खेत की तारबंदी में करंट प्रवाहित कर रखा था, जिससे भानीराम की मौत हो गई। मृतक के भाई मनोहरलाल ने डिस्कॉम के एक्सईएन, एईएन, जेईएन, लाइनमैन और कृष्णलाल व उसके परिवार पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की थी।

## सार-समाचार

### दीपंकर ने की 8 दिन की तपस्या

**बीकानेर,** (कासं)। दीपंकर छाजेड़ ( 13 वर्षीय ) का 8 की तपस्या करने पर बाफना अकादमी के सीईओ डॉ परमजीत सिंह वोहरा ने कहा कि इतनी छोटी सी उम्र में तपस्या करना बहुत बड़ी बात है तथा हिम्मत का परिचय दिया है। उन्होंने इस तपस्या करने पर बाफना अकादमी के 8 वीं कक्षा के विद्यार्थी दीपंकर छाजेड़ को स्मृति चिन्ह भेंट करके अभिनन्दन किया। डॉ वोहरा के साथ दिनेश शर्मा भी साथ थे। इससे पहले उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने बोथरा भवन में प्रवचन के दौरान कहा कि दीपंकर की संकल्प शक्ति मजबूत है। इसके संस्कार अच्छे हैं। तेरापंथ सभा द्वारा संचालित ज्ञानशाला का प्रतिभाशाली छात्र है। उन्होंने उपस्थित जनता से कहा कि दीपंकर से सीख लेवें और अपने बच्चों को संस्कारित बनावें। उन्होंने कहा कि तपस्या जीवन का श्रृंगार है, मानव जन्म का सार है। तपस्या से कर्म निर्जरा व आत्म शुद्धि होती है परन्तु आज के युग में तपस्या करनी बहुत कठिन हो गई है। दिन में चार पांच बार खाने वाले की तपस्या सुनकर आश्चर्य होता है। दीपंकर छाजेड़ जिसकी अवस्था भी छोटी है और दुबली पतली काया है परन्तु परिवार वालों की प्रेरणा से प्रेरित होकर इसने अठाई तप करके जीवन में इतिहास बना दिया।

### खाद्य मंत्री ने समस्याएं सुनी

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को सादुलगंज स्थित अपने आवास पर आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले की दूरस्थ क्षेत्रों से आए ग्रामीणों से गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार ने पिछले सवा वर्ष साल में संपूर्ण बीकानेर जिले को अनेक सौगातें दी हैं। इससे आमजन में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। ग्रामीणों ने पानी, बिजली, सड़क अतिक्रमण हटाने, स्कूलों और चिकित्सा केन्द्रों में स्टाफ नियुक्ति सहित विभिन्न समस्याएं रखी। इनके निराकरण के लिए मंत्री गोदारा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए। गोदारा ने ग्रामीणों को राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि पहली बार राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए प्रदेश वासियों को अनेक सौगातें दे रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों ने बजट सहित विभिन्न अवसरों पर ग्रामीण क्षेत्रों में हुई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री और उनका आभार जताया।

### पुलिस ने कराया अंतिम संस्कार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के घुमड़वाली थाना क्षेत्र में एक महिला का शव मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस को 28 मार्च को टेलीफोन पर सूचना मिली कि 83 एलएनपी रोही में एलएनपी माइनर में एक चादर में बंधा अज्ञात महिला का पानी में बहकर आया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। मृतका ने नीले रंग की लाइनदार कुर्ता और सफेद रंग की सलवार पहनी हुई थी। पुलिस के अनुसार महिला की पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण सुराग है। उसके दाहिने हाथ के अंगूठे और उंगली के बीच एक टैटू बना हुआ है। महिला का कद लगभग 5 फीट है। उसका रंग सांवला और शरीर मध्यम बनावट का है। पुलिस ने सभी थानों को महिला का हुलिया भेजा है। किसी भी गुमशुदगी या दर्ज प्रकरण से मेल खाने पर घुमड़वाली थाने को सूचित करने को कहा गया है। घमुड़वाली थाना प्रभारी पृथ्वीराज ने बताया कि पुलिस ने महिला के शव का डीएनए सैंपल और पोस्टमॉर्टम करवाकर अंतिम संस्कार करवा दिया।

### गवर-ईसर की खोल भराई

**नोखा,** (कासं)। नोखा शहर में 16 दिवसीय गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। महिलाओं में इस त्योहार को लेकर भारी उत्साह है। शहर की हर गली-मोहल्ले में सुबह-शाम गणगौर पूजन और आरती का आयोजन हो रहा है। दिन के समय महिला मंडलियां गणगौर के बंदोले दे रही हैं। इसी कड़ी में कटला चौक स्थित हरि निवास में एक विशेष आयोजन किया गया। रामकिशन भंवरलाल तापडिया के घर पर मोहल्ले की महिलाओं और युवतियों ने खोल भराई की। साथ ही गवर ईश्वर को जल अर्पण की परंपरागत रस्म भी निभाई गई।

## दो युवकों ने अलग-अलग जगह फांसी लगाकर जान दी

- जयनारायण व्यास कॉलोनी क्षेत्र में भी एक 14 साल के बच्चे ने पंखे से फंदा बनाकर जान दे दी

**बीकानेर,** (कासं)। बीते चौबीस घंटे में दो युवकों ने अलग-अलग क्षेत्रों में फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। दोनों के शव का पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम करवाया गया। इसमें एक 14 साल बच्चा है जो मूल रूप से श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ का रहने वाला था और इन दिनों बीकानेर में रहता था।

जयनारायण व्यास कॉलोनी क्षेत्र में भी एक बच्चे ने पंखे से फंदा बनाकर जान दे दी। महज 14 साल का बच्चा अपने माता-पिता की अनुपस्थिति में पंखे पर लटक गया। तिलक नगर की गली नंबर तीन में रहने वाले 14 साल के वरूण ने फंदा तब लगाया, जब उसके माता-पिता किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इस समय बड़ा भाई पानी भरने गया हुआ था। इस बीच बड़े भाई ने आकर देखा तो वो फंदे से लटका हुआ था। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। घर पर सकी सांस चल रही थी लेकिन अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उसने दम तोड़ दिया।

पिता राजेश कुम्हार की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज करके छानबीन शुरू की है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। राजेश मूल रूप से सूरतगढ़ के रहने वाले हैं लेकिन इन दिनों परिवार के साथ बीकानेर में रहते हैं।

नयाशहर थाना क्षेत्र में विवेक बाल मंदिर स्कूल के पास भाटों के मोहल्ले में एक युवक ने सुसाइड किया है। महज 32 साल के जीवराज राव ने अपने ही घर में देर रात पंखे से फंदा लगाया और झूल गया। परिजनों ने उसका दरवाजा खोला तो अंदर लटका हुआ मिला। उसे तुरंत पीबीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। उसके छोटे भाई अनिल राव की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज की और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

**बीएसएनएल टावर से चोरी :** हनुमानगढ़ के गांव मसरूवाला में लगे बीएनएनएल कम्पनी के टावर में लगी बैटरियां व केबल रात्रि को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। सिक्योरिटी सुपरवाइजर की रिपोर्ट के आधार पर सदर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज हुआ है। सदर पुलिस के अनुसार मदरेश कुमार (32) पुत्र भूपसिंह बिश्नोई निवासी वार्ड सात, चक चार पीएसडी बी रावला मण्डी ने लिखित रिपोर्ट पेश की।

## एम.एस.पी. पर सरसों की खरीद

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जैतसर क्रय विक्रय सहकारी समिति के माध्यम से राजफैड द्वारा समर्थन मूल्य पर सरसों खरीद की तैयारियां शुरू हो गई हैं। समिति के इकबाल सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीद और रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू होगा।

राजफैड प्रति किसान से 25 क्विंटल तक सरसों खरीदेगा। खरीद मूल्य 5950 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। खरीद प्रक्रिया के लिए गोदाम में पर्याप्त खाली बैग उपलब्ध है। धान मंडी में अब तक 2500 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। व्यापारी 5100 से 5400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर खरीद कर रहे हैं। कृषि उपज मंडी समिति के सचिव विमल कुमार बिश्नोई के अनुसार 1 अप्रैल के बाद सरसों की आवक बढ़ने की संभावना है। किसानों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इनमें छाया, पीने का पानी और लैब चेक की सुविधाएं शामिल हैं। लैब चेक के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

## किशत जमा नहीं कराई तो पीटकर अधमरा किया

- फायनेंस कंपनी ने किशत जमा नहीं कराने पर तीनों बाप-बेटों को गुंडों से पिटवाया

**बीकानेर,** (कासं)। निजी फायनेंस कंपनी में लोन की किशत जमा नहीं कराने पर गुंडों ने पिता और 2 पुत्रों को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पिता और एक बेटे को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मारपीट करने वालों को पकड़ने के लिए तलाश शुरू कर दी।

पुलिस को दी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि एक निजी फायनेंस कंपनी से एक परिवार ने लोन लिया हुआ था। पिछले कुछ समय से आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण लोन जमा नहीं करवा सके। ऐसे में श्रीडूंगरगढ़ के हारुन व तैयब के साथ इनके पिता सफी काजी को धमकाने के लिए कंपनी के वसूली एजेंट पहुंच गए।

आरोप है कि इनके पास हथियार थे। इन लोगों ने रूपए नहीं देने पर दोनों के साथ मारपीट की। बाप-बेटे तीन जनों को बुरी तरह पीट दिया है। जिनमें दो गंभीर घायलों को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार एक निजी फायनेंस कंपनी के वसूली एजेंट्स ने किशत वसूली के लिए गांव बाना के पास प्रताप बस्ती निवासी हारून काजी के साथ मारपीट की और वहां से इसे रेलवे फाटक के पास लेकर आए। यहां हारून व तैयब व इनके पिता सफी काजी के साथ धारदार हथियारों से मारपीट की है। तीनों गंभीर रूप से घायल हो हुए। पता चलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तीनों को उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां से चिकित्सकों ने हारून व उसके पिता सफी काजी को बीकानेर रेफर कर दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए हैं। पुलिस एएसआई ग्यारसीलाल मौके पर पहुंचे व मामले की जांच कर रहें है।

## नवसंवत्सर पर भगवा रंग में बीकानेर

- पद्मश्री गीता चंद्रन देगी भरतनाट्यम की प्रस्तुति, प्रशासन तैयारी में जुटा

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव की श्रृंखला में 30 मार्च को रविन्द्र रंगमंच पर शाम 7 बजे से भव्य सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री गीता चंद्रन की भरत नाट्यम की प्रस्तुति बेहद खास होगी।

नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन तथा पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए चंद्रन रविवार को ही बीकानेर आयेंगी। नाट्यवृक्ष संस्थान की संस्थापक अध्यक्ष पद्मश्री गीता चंद्रन राजस्थान की समृद्ध परंपरा को शब्दांजलि स्वरूप मीरा का अद्भुत भजन प्रस्तुत करेंगी। साथ ही हवेली परंपरा से जुड़े एक संकीर्तन की प्रस्तुति दी जायेगी, जो राजस्थान और उत्तर प्रदेश को कृष्ण भक्ति से जोड़ता है। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आने वाले राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा चरी नृत्य, घूमर नृत्य, राजस्थानी लोक गायन, सूफी गायन, मयूर नृत्य व फूलों की होली, चकरी नृत्य की प्रस्तुतियां दी जायेगी।

पद्मश्री गीता चंद्रन, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हैं। भारतीय शास्त्रीय नृत्य की दुनियां में आज की अग्रणी शख्सियतों में से एक, गीता चंद्रन कुशल नृत्य गुरू, कोरियोग्राफर और कर्नाटक गायिका हैं। गीता चंद्रन की भरतनाट्यम यात्रा की शुरूआत 5 वर्ष की उम्र में उनके पहली गुरू स्वर्णा सरस्वती के मार्गदर्शन में हुई, जो पारंपरिक परंपरा से संबंधित थी। पद्मश्री गीता ने भरत नाट्यम पर अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है, जहां अभिनय की बारीकियों को अत्यंत चुनौतीपूर्ण नृत्य अनुक्रमों के साथ संतुलित किया है। गीता द सेंटर फॉर पीस एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स (रोम स्थित अंतरराष्ट्रीय एनजीओ) की दक्षिण एशिया में सांस्कृतिक राजदूत भी हैं

इस दौरान उन्हें पद्मश्री (2007), केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2016), टैगोर नेशनल फैलोशिप (2018), नृत्य चूड़ामणि (2024)-श्रीकृष्ण गाना सभा, चेन्नई द्वारा सम्मान प्राप्त किए हैं। गीता चंद्रन ने वर्ष 2022, 2023 और 2024 के सेरेन्डिपिटी आर्ट्स फेस्टिवल में नृत्य को क्यूरेट किया है और 2025 में भी क्यूरेटर रहेंगी। गीता द सेंटर फॉर पीस एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स (रोम स्थित अंतरराष्ट्रीय एनजीओ) की दक्षिण एशिया में सांस्कृतिक राजदूत भी हैं।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/ 2025/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 26/03/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 78 के किला नं. 24 में भूखण्ड माप 30'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती सुरिन्द्र जीत कौर पत्नी श्री राजेन्द्र पाल सिंह निवासी 4-बी-33 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुरिन्द्र जीत कौर पत्नी श्री राजेन्द्र पाल सिंह निवासी 4-बी-33 जवाहर नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 78 के किला नं. 24 में भूखण्ड माप 30'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

\- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/3826 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27-03-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेखा रानी पत्नी श्री गोपाल चंद गोयल, निवासी प्लॉट नं. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, रिद्धि-सिद्धि एन्क्लेव प्रथम, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 52 किला नं. 25 भूखण्ड संख्या एसडब्ल्यू-24 माप 30 इन्टू 50 फीट रिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का पटटा संख्या 6591 दिनांक 03.02.2009 को श्री रवि गुप्ता पुत्र श्री हंसराज के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती रेखा रानी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15-06-2017 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का ऑनलाइन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्रीमती रेखा रानी पत्नी श्री गोपाल चन्द गोयल निवासी प्लॉट नं. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, रिद्धि-सिद्धि एन्क्लेव प्रथम, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1508 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3827 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनिता पत्नी श्री अरविंद कुमार निवासी म.न. ई-10, सत्यम नगर, चक 2 ई छोटी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 48 किला नं. 05 में माप 30 इंटू 60 फीट भू.सं. 31, शंकर कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 3042 दिनांक 17.9.2004 को श्री साधु सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती अनिता द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.7.2022 को क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती अनिता पत्नी श्री अरविंद कुमार निवासी म.न. ई-10, सत्यम नगर, चक 2 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/926 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3829 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 29.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नत्थूराम पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांधी बड़ी तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 12 किला नं. 24,25 भू.सं. बी-18 माप 30 इंटू 50 फीट किंग्स ऐवेन्यू, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 12295 दिनांक 2.10.2021 को श्रीमती संजू नागपाल पत्नी श्री राजेश नागपाल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री नत्थूराम द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.2.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का ऑनलाइन नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री नत्थूराम पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांधी बड़ी तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1571 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


## 'नो बैग डे' पर स्कूलों में मनाया राजस्थान दिवस

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को 'नो बैग डे' के अवसर पर स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय की करूणा क्लब इकाई एवं नेशनल ग्रीन कोर इको क्लब स्काउट गाइड सदस्यों ने बच्चों के साथ राजस्थान दिवस मनाया।

स्कूली बच्चों ने देशभक्ति, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा जैसे संदेश देते कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां बच्चे कुर्ता, पायजामा और सिर पर राजस्थानी पगड़ी लगाकर आए। वहीं बच्चियां भी पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि राजस्थानी की शौर्य गाथा यहां की कला, संस्कृति और परमपराएं पूरे देश में विशेष हैं। यहां का साहित्य लोक जागृति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। राजस्थान का निवासी होना सभी के लिए गर्व का विषय है। जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य ने राजस्थान के विकास में भागीदारी की शपथ दिलाई। उन्होंने राजस्थान दिवस साप्ताहिक समारोह की जानकारी दी और भारतीय नववर्ष पर एक अच्छा संकल्प लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि करूणा क्लब के शिक्षाधिकारी घनश्याम साध थे।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। यहां पिछले लम्बे समय से सिरदर्द बनी बढ़ती चोरियों के बीच सिटी पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह निजी वाहन से रैकी कर बंद मकानों को निशाना बनाता था। आरोपियों के खिलाफ चोरी, नकबजनी और लूट के कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने शुक्रवार देर शाम खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों में कालूराम (36) निवासी वार्ड नं. 3, हाल वार्ड नं. 19, अनूपगढ़, राजविंद्र सिंह उर्फ राजू उर्फ बादल (32) निवासी कालियां, पुलिस थाना सदर श्रीगंगानगर, हाल विश्वास कॉलोनी, बठिंडा और पिंद्र सिंह (23) निवासी कालियां, पुलिस थाना सदर श्रीगंगानगर शामिल हैं। एसपी ने बताया कि 22 मार्च को वार्ड नं. 8 निवासी सुरेन्द्र कुमार बिश्नोई और अनिल कुमार शर्मा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि वे दोनों पड़ौसी परिवार सहित बाहर गए हुए थे। जब वे घर लौटे तो ताले टूटे मिले। और सारा सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर लाखों रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी ले गए। इसके अलावा, दो अन्य घरों को भी चोरों ने निशाना बनाया। इस पर पुलिस ने धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच सहायक उप निरीक्षक ताराचंद को सौंपी। थानाधिकारी दिनेश सहारण के सुपरविजन में पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।




